रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 806] नई दिल्ली, बुधवार, नवम्बर 23, 2016/अग्रहायण 2, 1938
No. 806] NEW DELHI, WEDNESDAY, NOVEMBER 23, 2016/ AGRAHAYANA 2, 1938

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय

(कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 9 नवम्बर, 2016

सा.का.नि. 1083(अ).—कीटनाशी नियम, 1971 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित प्रारुप नियम, जिसे केंद्रीय सरकार कीटनाशी अधिनियम, 1968 (1968 का 46) की धारा 36 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बनाने का प्रस्ताव करती है, को उक्त धारा द्वारा यथापेक्षित उनके द्वारा संभाव्य प्रभावित सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है और नोटिस दिया जाता है कि उक्त प्रारुप नियमों पर उस तारीख से जब इस अधिसूचना की प्रतियां, भारत के राजपत्र में यथाप्रकाशित, आम जनता को उपलब्ध कराई जाती है से पैंतालीस दिन की अवधि की समाप्ति के पश्चात् विचार किया जाएगा ।

कोई आक्षेप या सुझाव, जो किसी व्यक्ति से उक्त प्रारुप नियमों के संबंध में पैंतालीस दिन की पूर्वोक्त अवधि की समाप्ति के भीतर प्राप्त किए जाते हैं, पर केंद्रीय सरकार द्वारा विचार किया जाएगा ।

आक्षेप या सुझाव, यदि कोई हो, संयुक्त सचिव, (पौध संरक्षण), कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली – 110001 को अग्रेषित किए जा सकेंगे ।

प्रारुप नियम

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम कीटनाशी (छठा संशोधन) नियम, 2016 है ।

(2) यह राजपत्र में इनके अंतिम प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. कीटनाशी नियम, 1971 में, नियम 9 में उपनियम (4ख) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा :-

"(4ख) कोई व्यक्ति जो विनिर्माण अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन करता है, वह तकनीकी ग्रेड कीटनाशकों के विनिर्माण के लिए रसायन या कृषि रसायन में डाक्टरेट या रसायन इंजीनियरिंग में प्रौद्योगिकी की मास्टर या विज्ञान की मास्टर डिग्री अथवा कीटनाशक फारमुलेशन के विनिर्माण के लिए कृषि में स्नातक डिग्री या एक विषय के रुप में रसायन के साथ विज्ञान की स्नातक डिग्री रखता हो या ऐसी डिग्रियां रखने वाले व्यक्ति को नियोजित करेगा:

परंतु कीटनाशी (छठा संशोधन) नियम, 2016 की अधिसूचना की तारीख को विनिर्माण अनुज्ञप्ति रखने वाले किसी व्यक्ति को शैक्षिक अर्हता की अनुपालना करने के लिए दो वर्ष की अवधि अनुज्ञात की जाएगी ।"

[फा. सं. 13035/28/2014-पीपी. (वॉल. iv)]

अश्वनी कुमार, संयुक्त सचिव

टिप्पण: मूल नियम भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3, उपखंड (i) में सा.का.नि. संख्यांक 1650(अ), तारीख 19 अक्टूबर, 1971 द्वारा प्रकाशित किए गए थे, तत्पश्चात निम्नलिखित द्वारा संशोधित किए गए:-

1. सा.का.नि. 474(अ), तारीख, 24 जुलाई, 1976
2. सा.का.नि. 736(अ), तारीख, 09 दिसम्बर, 1977
3. सा.का.नि. 1064(अ), तारीख, 07 नवम्बर, 1988
4. सा.का.नि. 533(अ), तारीख, 06 अगस्त, 1993
5. सा.का.नि. 371(अ), तारीख, 20 मई, 1999
6. सा.का.नि. 372(अ), तारीख, 20 मई, 1999
7. सा.का.नि. 548(अ), तारीख, 12 सितम्बर, 2007
8. सा.का.नि. 692(अ), तारीख, 07 नवम्बर, 2006
9. सा.का.नि. 128(अ), तारीख, 26 फरवरी, 2009
10. सा.का.नि. 174(अ), तारीख, 05 मार्च, 2010
11. सा.का.नि. 474(अ), तारीख, 11 जुलाई, 2013 और
12. सा.का.नि. 797(अ), तारीख, 13 नवम्बर, 2014
13. सा.का.नि. 840 (अ), तारीख, 5 नवम्बर, 2015
14. सा.का.नि. 164 (अ), तारीख, 15 फरवरी, 2016 और
15. सा.का.नि. 794 (अ), तारीख, 12 अगस्त, 2016

MINISTRY OF AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE

(Department of Agriculture, Co-operation and Farmers Welfare)

NOTIFICATION

New Delhi, the 9th November, 2016

G.S.R. 1083 (E).— The following draft rules further to amend the Insecticides Rules, 1971, which the Central Government proposes to make in exercise of the powers conferred by section 36 of the Insecticides Act, 1968 (46 of 1968), is hereby published, as required by the said section, for information of all persons likely to be affected thereby; and notice is hereby given that the said draft rule shall be taken into consideration after the expiry of forty- five days from the date on which copies of this notification as published in the Gazette of India are made available to the public;

IndiaCode

Objections or suggestions which may be received from any person in respect of the said draft rule before the expiry of the aforesaid period of forty-five days will be considered by the Central Government;

Objections and suggestions in respect to the said draft rule may be forwarded to the Joint Secretary (Plant Protection), Ministry of Agriculture and Farmers Welfare, Department of Agriculture, Co-operation and Farmers Welfare, Krishi Bhawan, New Delhi-110 001.

DRAFT RULE

1. (1) These rules may be called the Insecticides (Sixth Amendment) Rules, 2016.

(2) They shall come into force on the date of their final publication in the Official Gazette.

2. In the Insecticides Rules, 1971, in rule 9, for sub-rule (4B), the following shall be substituted namely:-

"(4B) A person who applies for manufacturing licence shall possess or shall employ a person possessing Doctorate in chemistry or agriculture chemistry or Master of Technology or Master of Science in chemical engineering for manufacture of technical grade pesticides or graduate degree in agriculture or science with chemistry as one of the subject for manufacture of pesticide formulation:

Provided that a person possessing a manufacturing licence on the date of notification of the Insecticides (Sixth Amendment) Rules, 2016 shall be allowed a period of two years to comply with the educational qualification."

[F. No. 13035/28/2014-PP-I (vol. iv)]

ASHWANI KUMAR, Jt. Secy.

IndiaCode

Note: The Principal rules were published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II Section 3, Sub-section (i) *vide* No. G.S.R. 1650(E), dated 19th October, 1971 and subsequently amended *vide*:-

1. G.S.R. 474(E), dated 24th July, 1976,
2. G.S.R. 736(E), dated 9th December, 1977,
3. G.S.R. 1064(E), dated 7th November, 1988,
4. G.S.R. 533(E),dated 6th August, 1993,
5. G.S.R. 371(E), dated 20th May, 1999,
6. G.S.R. 372(E), dated 20th May, 1999,
7. G.S.R. 548(E), dated 12th September, 2007,
8. G.S.R. 692(E), dated 7th November, 2006,
9. G.S.R. 128(E), dated 26th February, 2009,
10. G.S.R. 174(E), dated 5th March, 2010,
11. G.S.R. 474(E), dated 11th July, 2013,
12. G.S.R. 797(E), dated 13th November, 2014,
13. G.S.R. 840(E), dated 5th November, 2015,
14. G.S.R. 164(E), dated 15th February, 2016 and
15. G.S.R. 794(E), dated 12th August, 2016.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

Nishok Kumar Paria
Digitally signed by Nishok Kumar Paria
Date: 2016.11.25 21:55:28 +05'30'